नव भारत टाइम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 20·06·2024	पृष्ठ सं० (Page No). 05	क्रम सं०(Serial No.) 11

उम्र 24, कनाडा जाने के लिए बना 'बुज़ुर्ग'

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली

किसी और के पासपोर्ट पर कनाडा जाने के लिए 24 साल के एक युवक ने अपनो बालों और दाढ़ी को सफेद रंग से रंग दिया। बूढ़ा दिखने के लिए चश्मा भी पहन लिया। सीआईएसएफ के जवानों को उस पर शक हुआ। जांच की गई तो उसके पास से दो पासपोर्ट बरामद हुए। पकड़े गए यात्री की पहचान गुरुसेवक सिंह के तौर पर हुई है। आगे की जांच के लिए उसे आईजीआई पुलिस को सौंप दिया गया है।

सीआईएसएफ के प्रवक्ता अपूर्व पांडे ने बताया कि 18 जून की शाम 5:20 बजे पर टी-3 पर चेक इन एरिया में सीआईएसएफ के जवान ड्यूटी पर थे। तभी शक होने पर उन्होंने एक यात्री को रोककर पूछताछ की तो पता चला कि 67 साल के रशविंदर सिंह सहोता एयर कनाडा की फ्लाइट संख्या एसी 043 से कनाडा जाने वाले हैं।

उनके पासपोर्ट की जांच की गई तो उनकी उम्र काफी कम लग रही थी। आवाज और स्किन भी जवान व्यक्ति की तरह थी। जांच करने पर पता चला कि उसने बाल और दाढ़ी को रंग दिया है। उसके मोबाइल की जांच की गई तो उसमें एक और पासपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी मिली। उसमें उसकी उम्र 24 साल था। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका असली नाम गुरुसेवक सिंह है। वह 67 वर्षीय रशविंदर सिंह सहोता के नाम से जारी फर्जी पासपोर्ट से कनाडा जाने की कोशिश कर रहा था।

बाल और दाढ़ी सफेद कर जाना चाहता था विदेश, दो पासपोर्ट के साथ अरेस्ट